इंदौर। ब्रांडेड कम्पनी RR केबल के बिजली के वायरो के नकली बंडल बेचने वाला क्राईम ब्रांच की कार्यवाही में धराया

इंदौर – दिनांक – 03 सितम्बर 2024 – इंदौर शहर के बाजारो में नकली सामान बेचने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच इंदौर के द्वारा उक्त व्यवसाय में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से लगातार असूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही थी ।

इसी कड़ी में को क्राईम ब्रांच को RR केबल कम्पनी के अधिकृत प्राधिकारी के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की सियांगज में आलोक जैन नाम का व्यक्ति उक्त कम्पनी के हू ब हू नकली वायरो के बंडल विक्रय कर रहा है तथा आरोपी शातिर होकर अपनी दूकान से माल न देकर अपने दूकान पर काम करने वाले नोकर के द्वारा रास्ते में कही पर भी डिलिवरी देता है जिसे आज दिनांक को नेहरु पार्क के सामने से आरोपी की दूकान पर काम करने वाले *(1). अजय मालवीय पिता शंकरलाल मालवीय नि. जगन्नाथ नगर इन्दौर* को एक बिना नम्बर की एक्टीवा पर कुल लगभग 6000 मीटर RR कम्पनी के नकली इलेक्ट्रिक वायर जिनकी कीमत करीब 80 हजार रुपये के जप्त किये गये है आरोपी से पुछताछ पर उसने उक्त बंडल *आलोक जैन* के द्वारा देना बताया है जिस पर प्रकरण में आलोक जैन को भी आरोपी बनाया गया है आरोपी आलोक जैन को पकडा जाकर प्रकरण मे अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जावेगी ।

Source: https://ahilyawani.com/indore-a-person-selling-rr-cable-was-caught-in-an-action-by-the-crime-branch/